## खबर संक्षेप

### 29 को क्षत्रिय महासभा की रैली और ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन

**सागर।** सागर नगर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 1 करोड़ लागत से स्वीकृत हुई प्रतिमा स्थापना की मांग को लेकर क्षत्रिय महासभा जिला सागर 29 सितंबर को सागर में रैली निकाल कर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन देगा। यह निर्णय क्षत्रिय महासभा की बैठक में लिया गया है। क्षत्रिय महासभा जिला सागर के अध्यक्ष लखन सिंह ने बताया कि 29 सितंबर को दोपहर 12 बजे संपूर्ण जिले से क्षत्रिय समाज के सदस्य तीनबत्ती स्थित म्यूनिसिपल स्कूल परिसर में एकत्रित होंगे। वहां से रैली के रूप में सागर कलेक्ट्रेट पहुंच कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन में मांग की जाएगी कि सागर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना हेतु एक करोड़ की राशि नगरनिगम सागर को मिल चुकी है, प्रतिमा निर्माण की निविदा प्रक्रिया होकर निर्माण भी हो चुका है लेकिन बिना किसी कारण से इसकी स्थापना में विलंब किया जा रहा है। ज्ञापन में शीघ्र प्रतिमा स्थापित करने की मांग की जाएगी। क्षत्रिय महासभा जिला सागर के अध्यक्ष लखन सिंह ने क्षत्रिय समाज के सभी सदस्यों से इस रैली में शामिल होने की अपील की है।

### इंजीनियरिंग कॉलेज में आपदा प्रबंधन पर कार्यशाला

**सागर।** जिला सागर के डिस्ट्रिक्ट कमान्डेंट महोदय के निर्देशानुसार इंदिरा गांधी शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में एक दिवसीय आपदा प्रबंधन एवं सिविल डिफेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बाढ़, भूकंप, अग्निकांड तथा एलपीजी सिलेंडर में आग लगने जैसी आपदाओं के समय अपनाई जाने वाली सावधानियों और प्राथमिक उपचार के उपायों का डेमो प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला के अंत में इच्छुक विद्यार्थियों को सिविल डिफेंस वॉलेंटियर बनने हेतु फॉर्म भी भरवाए गए। अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य अनुराग द्विवेदी, असिस्टेंट प्रोफेसर विनय पंडित, पीसी अनिमेष राजपूत, पीसी समीक्षा श्रीधर, हवलदार अनुदेशक भागवती, एवं कॉलेज के लगभग 100 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### बंडा में मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण, नशीली दवाओं की जांच

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देश पर एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रविश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में बंडा क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया। तहसीलदार मोहित जैन एवं ड्रग इंस्पेक्टर मनीष सुमन द्वारा बंडा के विभिन्न मेडिकल स्टोर्स पर पहुंचकर नशीली दवाओं की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोर्स पर उपलब्ध नशीली, एक्सपायरी, तथा अन्य दवाओं की स्थिति का जायजा लिया गया। साथ ही मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस, बिलिंग प्रणाली एवं दवा रिकॉर्ड का भी परीक्षण किया गया। मेडिकल संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी प्रकार की नशीली दवाओं का विक्रय न किया जाए। डॉक्टर के पर्चे के बिना दवाएं न दी जाएं तथा सभी दवाओं का विधिवत रिकॉर्ड मेंटेन किया जाए। साथ ही यह चेतावनी दी गई कि यदि किसी मेडिकल स्टोर पर अवैध रूप से नशीली दवाओं की बिक्री की शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कमिश्नर ने की निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा

**सागर।** कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने आज संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में विकास और निर्माण कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग, उद्यानिकी विभाग, शिक्षा विभाग, द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की।

## जेरा, बेबस जल परियोजनाओं और चौनपुरा जलाशय का कार्य तेजी से पूर्ण कराएं

# नल-जल योजनाओं का घटिया कार्य करने वाली निर्माण एजेंसियों को पुनः कार्य न दें : मंत्री गोविंद सिंह राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

अपर मुख्य सचिव एवं प्रभारी अधिकारी, सागर संभाग दीपाली रस्तोगी की अध्यक्षता में आज संभाग स्तरीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, विधायक टीकमगढ़ यज्ञवेन्द्र सिंह, विधायक हटा उमा खटीक, विधायक महाराजपुर कामाख्य प्रताप सिंह, कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी, आईजी हिमानी खन्ना, डीआईजी सागर सचेन्द्र चौहान, डीआईजी छतरपुर विजय खत्री, सागर कलेक्टर संदीप जी. आर., पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल, मुख्य वन संरक्षक छतरपुर सहित सागर संभाग के सभी कलेक्टर्स, जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं संभाग स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

समीक्षा बैठक में सागर संभाग की प्रभारी अधिकारी सागर संभाग एवं अपर मुख्य सचिव दीपाली रस्तोगी द्वारा विकास कार्यों, कल्याणकारी योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान प्रदेश के खाद्य, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सुझाव देते हुए कहा कि सागर संभाग की जेरा, बेबस, चौनपुरा सिंचाई परियोजनाओं का कार्य धीमी गति से चल रहा है। इन सभी सिंचाई परियोजनाओं के कार्यों को तेजी से पूर्ण किया जाए। मंत्री राजपूत ने कहा कि सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने में जो गतिरोध उत्पन्न हो रहे हैं, उन्हें दूर किया जाए और इन परियोजनाओं को समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सिंचाई परियोजनाओं का लाभ क्षेत्र के किसानों को मिलना चाहिए। बैठक में मंत्री राजपूत ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत अधूरी नल-जल योजनाओं को पूरा करने के लिए शासन द्वारा अतिरिक्त राशि प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा नल-जल योजनाओं को पूर्ण करने हेतु दी गई राशि का सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए।



उन्होंने सुझाव दिया कि नल-जल योजनाओं को पूर्ण करने का कार्य ब्लैक लिस्टेड या नल जल योजनाओं का कार्य अधूरा छोड़कर जाने वाली निर्माण एजेंसियों को किसी भी स्थिति में पुनः न दिया जाए यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि राहतगढ़ वॉटरफॉल के सौंदर्यीकरण हेतु जो राशि प्राप्त हुई है, उसका कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए।

मंत्री राजपूत ने निर्देश दिए कि नल-जल योजनाओं को पूर्ण करने तथा कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिष्ठित एजेंसियों को कार्य देना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद सहजता से उपलब्ध हो और खाद वितरण केन्द्रों में अनावश्यक भीड़ एकत्रित न हो इसकी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र में सितंबर, अक्टूबर और नवंबर माह में रबी फसलों की बुआई होती है। रबी सीजन की बुआई के लिए किसानों को बीज और उर्वरक की उपलब्धता सहज एवं सतत रूप से कराई जाए।

मंत्री राजपूत ने कहा कि घुमक्कड़ एवं बंजारा समाज के परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना से जोड़कर उन्हें आवास प्रदान किए जाएं। उन्होंने कहा कि बेरखेड़ी सड़क, राहतगढ़ रोड पर अनेक बंजारा और घुमक्कड़ परिवार निवास करते हैं।

अपर मुख्य सचिव दीपाली रस्तोगी ने कहा कि नहरों को अतिक्रमण मुक्त कर उनकी मरम्मत कराई जाए, तथा सड़क विहीन मुक्तिधामों पर सड़क निर्माण का कार्य किया जाए। उन्होंने रामराजा लोक एवं जुगल किशोर लोक के निर्माण कार्यों की प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शासन की सभी जनहितैषी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचे, इसकी मॉनिटरिंग संभाग एवं जिला अधिकारी करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाएं।

अपर मुख्य सचिव रस्तोगी ने कहा कि जल संसाधन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, एमपीआरडीसी, गृह विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, कृषि विभाग, विधि एवं विधायी कार्य विभाग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, धर्मस्व विभाग, आबकारी विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, खनिज विभाग, पर्यटन विभाग, ऊर्जा विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उद्योग विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग की समीक्षा की।

कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने बैठक के अंत में आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों के सुझावों एवं समस्याओं का निराकरण जिला स्तर पर किया जाएगा, और जो समस्याएं जिला स्तर पर संभव नहीं होंगी, उन्हें राज्य स्तर पर भेजकर निराकरण किया जाएगा।



## प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को सम्मानित कर गृह प्रवेश कराया

**सागर।** शासन के आदेशानुसार नगर निगम द्वारा अंगीकार अभियान के अंतर्गत महापौर संगीता सुशील तिवारी, निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, निगमायुक्त की उपस्थिति में नगर निगम सभाकक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के बीएलसी घटक के अंतर्गत ढाई लाख रुपए की लागत से अच्छे घर का निर्माण करने पर महापौर, निगमाध्यक्ष एवं निगमायुक्त ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत आवास निर्माण कराने वाले 10 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये।



## शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा में आगामी त्योहार नव दुर्गोत्सव त्योहार को देखते हुए नगर पालिका के नगर भवन के सभागार में थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे के द्वारा शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्व विभाग से आर आई पूरनचंद आठ्या, विद्युत मंडल के अधिकारीयो के साथ गणमान्य नागरिक व प्रमुख रूप दुर्गा पंडालों के समिति सदस्य उपस्थित थे। थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे द्वारा द्वारा सभी दुर्गा समितियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि पंडाल में आपत्ति जनक गाने डीजे में नही सुने साथ ही दुर्गा पंडालों में जुआ नही खेले एवं दुर्गा विसर्जन के दौरान अस्त्र शस्त्र के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा। सभी समितियों को हिदायत दी गई कि वे पंडालों में सुरक्षा के इंतजाम करे किसी प्रकार की दुर्घटना नही हो। पंडाल लगाते वक्त आवागमन हेतु रास्ता छोड़े ओर शांति सद्भाव से त्योहार मनाये। विद्युत मंडल के द्वारा सभी समितियों के लोगो को बताया गया कि वे बिजली कनेक्शन ले ले,बिजली की चोरी नही करे। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक,थाना पुलिस स्टाफ एवं दुर्गा उत्सव समितियों के लोग मौजूद रहे।



## गरबा आयोजनों के प्रवेश द्वार पर आधार कार्ड अनिवार्य करने की मांग को लेकर शिव सैनिकों ने ज्ञापन सौंपा

**सागर।** नवरात्रि के अवसर पर होने वाले गरबा आयोजनों के प्रवेश दूर पर आधार कार्ड अनिवार्य करने की माँग को लेकर शिवसैनिकों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव उइके को ज्ञापन सौंपा। शिवसेना उप राज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने कहा कि नवरात्रि के पावन पर्व पर बड़े ही उत्साह के साथ शहर में गरबा आयोजन होते है लेकिन कुछ जिहादी मानसिकता के लोग हाथ में रक्षासूत्र बाँधकर, माथे पर तिलक लगाकर अपनी पहचान छुपाकर गरबा आयोजनों में प्रवेश करते है और हिन्दू बहन बेटियों को प्रेम जाल मे फँसकर लव जेहाद जैसी घटनाओ को अंजाम देते है। ऐसी घटनाए पूर्व में घटित हो चुकी सागर में ऐसी घटना ना हो जिसको शिवसेना ने जिहादी से निपटने के लिए तैयार कर ली है । जिला प्रशासन को हमने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कर दिया है और जल्द ही शिवसैनिकों की टीम गठित की जाएगी जो गरबा आयोजनों में पहुंचकर जेहादी तत्वों की गतिविधियों पर नज़र रखेंगी। अगर कोई संधिगत पाया जाता है तो मौके पर ही शिवसैनिक सबक सिखाएगे साथ ही गरबा संचालकों को अश्लील गाने नहीं चलने की नसीहत दी जाएगी।

## कारीगरों को सहायता देने पीएम विश्वकर्मा योजना

**सागर।** पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता देने के लिये पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की गई है। योजना में टूल किट खरीदने के लिये 15 हजार रूपये का अनुदान मिलेगा। साथ ही पहली बार में एक लाख और दूसरी बार में 2 लाख रूपये का सस्ता ऋण मिलेगा। प्रारंभिक प्रशिक्षण 5 से 7 दिन का और 15 दिन का एडवांस प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान 500 रूपये प्रतिदिन भत्ता भी मिलेगा। प्रशिक्षण के बाद सर्टिफिकेट भी मिलेगा। प्रशिक्षण के लिये हितग्राहियों के चयन की प्रक्रिया जारी है।

## आयुष विंग अस्पताल का लोकार्पण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर नगर में शासकीय आयुष विंग अस्पताल का लोकार्पण गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद डॉ लता वानखेड़े, कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन, विशिष्ट अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, एवं नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार उपस्थित थे ।

अस्पताल के उद्घाटन अवसर पर सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटा और धन्वंतरि भगवान की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अस्पताल परिसर में मौजूद चिकित्सकों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया।

मुख्य अतिथि सांसद डॉ. लता गुड्डू वानखेड़े ने लोकार्पण अवसर पर सभी को शुभकामनाएँ दीं और कहा कि आयुर्वेदिक अस्पताल की स्थापना से आमजन को किफायती और प्रभावी उपचार मिलेगा, उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया की सागर अब स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बहुत तरक्की कर रहा है आने वाले समय में इसका लाभ हमारे क्षेत्र वासियों को होगा।

विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत की परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों को नई पहचान और सम्मान मिला है। उन्होंने कहा "शासकीय स्तर पर आयुर्वेदिक चिकित्सा की सुविधाएँ लगातार बढ़ाई जा रही हैं। आने वाले समय में सागर ही नहीं बल्कि पूरा बुंदेलखंड क्षेत्र इसका लाभ उठाएगा।" उन्होंने बताया कि बहुत जल्द सागर को कैंसर हॉस्पिटल की सौगात मिलेगी, जिससे हजारों मरीजों को उपचार हेतु बड़े शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इसके साथ ही हृदय रोग की एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी जैसी सर्जरी की सुविधा भी अगले एक वर्ष के भीतर सागर में उपलब्ध कराने का संकल्प उन्होंने दोहराया। जैन ने बताया कि बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशलिटी यूनिट की स्थापना का कार्य भी तेजी से चल रहा है, जिससे प्रदेश और क्षेत्र के लोगों को उच्चस्तरीय चिकित्सा सेवाएँ यहीं मिल सकेंगी।

उन्होंने विश्वास दिलाया कि अब सागर केवल निर्माण कार्यों और अधोसंरचना के लिए ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में भी महानगर के रूप में पहचाना जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि आयुर्वेद आज भारत की पहचान बन चुका है और आमजन इसके लाभ से जुड़ रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत जिला आयुष अधिकारी डॉ. जोगिंदर सिंह ने स्वागत भाषण से की, जिसमें उन्होंने आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के महत्व पर प्रकाश डाला। लोकार्पण अवसर पर अस्पताल परिसर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 550 रोगियों का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क औषधियाँ प्रदान की गईं। इसके साथ ही स्वर्ण प्राशन संस्कार का आयोजन हुआ, जिसमें करीब 200 बच्चों को जड़ी-बूटियों से निर्मित औषधि पिलाई गई।




## रैली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश देते हुए सेवा पखवाड़ा अभियान का हुआ शुभारंभ

**गढाकोटा।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गढ़ाकोटा में मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुपालन में सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ किया गया । सुश्री आकृति खरे ने 17 सितंबर से दिनांक 02 अक्टूबर 2025 तक आयोजित की जाने वाली विविध गतिविधियों की जानकारी छात्र छात्राओं को दी । डॉ. किशोरी सोनी ने भी अपने वक्तव के माध्यम से सेवा पखवाड़ा अभियान के महत्व को बताया। अभियान के प्रथम दिवस पर स्वच्छता रैली निकालकर कर शिक्षको एवं छात्र-छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता का कार्य किया। संचालन कर रहे कार्यक्रम प्रभारी विनोद बागड़े ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत होने वाली विभिन्न गतिविधियों में विद्यार्थियों को अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए कहा । कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक दीपक बर्मन, अभय यादव, डॉ. मेघा सिंह, सुश्री सुमन कुमारी, सुश्री स्वाति जैन, सुश्री ममता अहिरवार, सुश्री सुरभि सोनी, सुश्री रजनी चौदहा,श सुप्रिया जैन, रचना जैन, आस्था दुबे, शरद चौबे, बृजलाल अहिरवार, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## रात्रि गस्त के दौरान हुई घटना, 4 आरोपियों पर किया गया प्रकरण दर्ज

# सागौन तस्करों ने वनकर्मी को बंदूक की बट से हमला कर घायल किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

दक्षिण वन मंडल के देवरी वन परिक्षेत्र के बघवारा ग्राम के समीप मंगलवार एवं बुधवार की दरम्यानी रात्रि अवैध सागौन तस्करी कर रहे सशस्त्र तस्करों ने उन्हे रोकने आये वनकर्मी पर बंदूक की बट से हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी मौका स्थल से फरार हो गये मामले में घायल वनकर्मी द्वारा मामले में 4 आरोपियों के विरूद्ध महाराजपुर थाना में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत मंगलवार एवं बुधवार की दरम्यानी रात्रि लगभग 2 बजे गस्त के दौरान वन परिक्षेत्र के बघवारा बीट में पदस्थ वन कर्मी राज बहादुर सिंह ठाकुर एवं उमाशंकर द्वारा अवैध रूप से सागौन लकड़ी लेकर आ रहे बाइक सवारों को रोका गया था। वन कर्मी पूछताछ



कर रहे थे इसी दौरान एक अन्य मोटर साईकिल पर सवार होकर बंदूक सहित आये 2 व्यक्तियों द्वारा उनसे गाली गलौच कर जाति सूवक शब्दों का प्रयोग किया गया एवं सागौन एवं वाहन छोड़ने का कहा गया। वनकर्मियों द्वारा विरोध करने पर उन्हे गोली मारने की धमकी दी गई एवं बंदूक की बट से प्रहार कर घायल कर दिया गया। घटना में वनकर्मी राजबहादुर सिंह की आंख एवं कंधे पर गंभीर चोट आई है। बाद में चारों आरोपी बाइक एवं सागौन के साथ फरार हो गये। मामले में घायल वनकर्मी की शिकायत पर पुलिस थाना महाराजपुर एक आरोपी नामजद एवं 3 अन्य व्यक्तियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

### देवरी ले जाई जा रही थी सागौन

वन अधिकारियों को आशंका है कि आरोपियों द्वारा उक्त सागौन लकड़ी तस्करी करके देवरी ले जाई जा रही थी, मामले में वन अधिकारियों द्वारा देवरी नगर में संचालित फर्नीचर मार्टो की मानीटरिंग की जा रही है। उनके स्टाक का मिलान सहित विक्रय प्रपत्रों की भी जांच आरंभ की गई है।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े की हुई शुरुआत, स्वास्थ्य शिविर में 260 लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा

ढाकोटा नगर पालिका के स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े की शुरूआत बुधवार को की गई। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाए जाने वाले इस पखवाड़े के पहले दिन सभी 300 पोलिंग बूथ पर एक साथ साफ सफाई अभियान चलाया गया है। सार्वजनिक स्थानों पर जन प्रतिनिधियों ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया । सिविल अस्पताल में शिविर आयोजित कियागया जिसमें सिविल अस्पताल के डॉक्टर व स्टाफ के द्वारा स्वास्थ्य रक्त से संबंधित अन्य बीमारियों की जांच की गई।जिसमें 260 महिलाएं एवं लोगों स्वास्थ्य संबंधी अपनी जांच कराई। कार्यक्रम मुख्य अतिथि अभिषेक भार्गव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी कार्यकर्ताओं




से आह्वान किया है कि अगर मेरा जन्मदिन मनाना चाहते हो तो किसी गरीब के चेहरे पर मुस्कान ले आना ही सबसे अच्छा गिफ्ट होगा।

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर स्वच्छता अभियान सेवा पखवाड़ा का अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है । मोदी जन सेवा करते हुए देश का चहुमुखी विकास करने की सोच रखते हैं। इसी का परिणाम है देश में जनहित योजना बनाकर जमीनी स्तर पर पहुंचाई जा रही है । स्वच्छता देश के विकास में हम योगदान निभाती है । स्वच्छता होने से व्यक्ति स्वस्थ होता है। स्वच्छता से जुड़ी जानकारियों पर प्रकाश डालते हुए आम जन की सहभागिता की आवश्यकता जताई। उन्होंने स्वच्छता पखवाड़े के दौरान किए जाने वाले कार्यों की जानकारी भी नागरिकों को दी।

### एक साल से गायब कंपनी, एजेंट भी फरार, कलेक्टर-एसपी से न्याय की गुहार

# जनता के विश्वास व सपनों को लूटने वाले फरार, प्रशासन भी उदासीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में चिटफंड कंपनियों की धोखाधड़ी से पीड़ित लोगो को अभी तक न्याय नहीं मिला और कंपनियाँ लोगो की मेहनत की मोटी कमाई को ठगकर फरार हो चुकी है। एजेंट भूमिगत हो चुके हैं। साथ ही इस मामले को लेकर प्रशासन भी कोई ख़ास रूचि नहीं लें रहा। ताजा मामला एलजेसीसी प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी का है, जिसने जिले के कई लोगों से लाखों रुपये की ठगी कर ली। कंपनी के एजेंट करीब एक साल से फरार है और सैकड़ो पीड़ित लोग न्याय के लिए प्रशासनिक अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं।



#### कम समय में रकम दोगुना करने का झांसा देकर की गईं ठगी

पीड़ित रामनारायण मिश्रा, दिनेश असाटी, आनंद चौरसिया सहित कई लोगों ने बताया कि महेंद्र कुमार चौरसिया नामक एजेंट ने उनसे लाखों रुपये जमा करवाए। महेंद्र, जो पहले बल्देवगढ़ में कियोस्क संचालित करता था, लोगों को दोगुना पैसे करने का लालच देता था। वह खुद को कृषि विभाग, दिल्ली से रजिस्टर्ड कंपनी का एजेंट बताता और पैसों की पूरी गारंटी लेने का दावा करता था। विश्वास दिलाने के लिए वह लोगों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क करता, निवेश योजनाओं के बड़े-बड़े सपने दिखाता और कहता कि यह पूरी तरह सुरक्षित योजना है। कई लोगों ने अपनी जिंदगी भर की बचत, पेंशन और मेहनत की कमाई इस झांसे में आकर निवेश कर दी।

#### कंपनी और एजेंट अचानक हुए लापता

करीब एक साल पहले अचानक कंपनी के कार्यालय और एजेंट का कियोस्क बंद हो गया। जब सोशल मीडिया के जरिए खबर फैली कि एलजेसीसी कंपनी फरार हो गई है, तो लोगों ने महेंद्र चौरसिया से संपर्क करने की कोशिश की। लेकिन उसने टालमटोल शुरू कर दी और कुछ समय बाद पूरी तरह गायब हो गया। अब हालात यह हैं कि एजेंट का परिवार भी पीड़ितों से कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे रहा और केवल महेंद्र से बात करने की सलाह देकर पल्ला झाड़ रहा है।

#### पीड़ितों की फरियाद, शीघ्र दिलाया जाये न्याय

धोखाधड़ी का शिकार हुए पीड़ितों ने कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और बलदेवगढ़ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि यह सीधी-सीधी ठगी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिला प्रशासन और पुलिस मिलकर इस मामले को गंभीरता से लेकर ठगे गए पैसों की वापसी सुनिश्चित कराएंगे।

#### जनता पूछ रही सवाल, चिटफंड पर सख्त कार्यवाही कब

यह पहला मामला नहीं है जब जिले में चिटफंड कंपनियों ने लोगों को चूना लगाया हो। इससे पहले भी इसी कंपनी के खिलाफ शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं और कुछ एजेंट गिरफ्तार भी हुए थे। लेकिन अब तक उपभोक्ताओं को उनकी मेहनत का पैसा वापस नहीं मिला है। जनता सवाल उठा रही है कि आखिरकार प्रशासन और कानून व्यवस्था इन चिटफंड कंपनियों पर सख्त कार्रवाई क्यों नहीं कर पाती, जो बार-बार नई शक्ल में सामने आकर भोले-भाले लोगों को निशाना बनाती हैं। अगर पहले से ही सख्ती बरती जाए तो लोगो की गाढ़ी कमाई पर कोई भी चिटफंड कंपनी डाका नहीं डाल सकती।

#### प्रशासनिक उदासीनता के चलते जनता के विश्वास व सपनो की लूट

पीड़ित परिवारों का कहना है कि ऐसे मामलो में प्रसाशनिक उदासीनता के चलते यह केवल पैसों की ठगी नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और सपनों की लूट है। उनका मानना है कि ऐसे मामलों में दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई और इस तरह की धोखाधड़ी करने की हिम्मत न जुटा सके।

### 25 को टीकमगढ़ में होगा भव्य जनआंदोलन

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा, कलेक्टर ने परिसर की सफाई कर कराया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद के सभागार में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धार मध्यप्रदेश से वर्चुअल जुड़कर देशभर के लोगों को संबोधित किया और स्वच्छता को जन-आंदोलन बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का आगाज स्वयं कलेक्टर श्रोत्रिय ने अपने कार्यालय परिसर की सफाई करवाकर किया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बने।

कलेक्टर श्रोत्रिय, नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ह्यपप्पूह्न मलिक और मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल भदौरिया के निर्देशन में 25 सितम्बर को नगर के विभिन्न स्थलों पर एक साथ सफाई अभियान चलाया जाएगा। इस जनआंदोलन में अधिक से अधिक नागरिकों को जोड़ने की अपील की गई। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद कार्यालय में बैठक रखी गई, जिसमें स्वच्छता अभियान की रूपरेखा पर चर्चा हुई। बैठक में विधायक यादवेंद्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता राहुल सिंह, पूर्व विधायक के.के. श्रीवास्तव, वरिष्ठ नेता विवेक चतुर्वेदी, अनुराग वर्मा, राजेंद्र तिवारी, गोविंद बिहारी अग्रवाल, विभा श्रीवास्तव, सुशीला राजपूत, जब्बार खान, पवन घुवारा, अरविंद खटीक, सूर्य प्रकाश मिश्रा, संजय नायक, अभिषेक रानू खरे, जाहिद खान, जसवंत वाल्मीकि, मुन्ना साहू, संजू झा, गोविंद प्रजापति, अरविंद रजक, रामकुमार यादव, देवीदयाल अहिरवार, अनीश अहमद, श्रेयांशुल जैन, पंकज प्रजापति, अजय यादव, प्रफुल दुबेदी, मनोज देवलिया, पूनम अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। महिला संगठनों की सक्रिय भागीदारी रही, जिन्होंने घर-घर स्वच्छता संदेश पहुंचाने का संकल्प लिया। जिला प्रशासन से जिला पंचायत सीईओ नबीत धुर्वे, तहसीलदार सत्येंद्र सिंह गुर्जर तथा नगर पालिका कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### नपा में बैठक कर सीएमओ भदौरिया ने बनाई रणनीति



स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 25 सितम्बर को होने वाले स्वच्छता जन आंदोलन मे एक साथ कई स्थलों की साफ सफाई कराई जायेगी। उक्त अभियान में लोगो को जोड़ने के उद्धेश्य से कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल भदौरिया द्वारा नगर पालिका परिषद कार्यालय मे मीटिंग रखी गई जिसमें स्वास्थ्य विभाग से एपीएम अंकित रावत एवं नगरीय क्षेत्र टीकमगढ की समस्त आशा कार्यकर्ताओ से चर्चा कर स्वच्छता ही सेवा अभियान को सफल बनाये जाने के लिये 25 सितम्बर को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की रूप रेखा बनाई गई और कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को अभियान से जुड़ने की अपील की गई। उक्त बैठक में उपयंत्री जेबा मंसूरी, विजय यादव, सामुदायिक संगठक दीपिका शर्मा, अनिल श्रींवास्तव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### सेवा पखवाड़े में स्वच्छता की अलख, सीईओ ने किया श्रमदान

## स्वच्छता सिर्फ सरकारी कार्यक्रम नहीं, बनाएं जीवनशैली का हिस्साः सीईओ वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से शुरू हुए सेवा पखवाड़े के तहत पलेरा जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत बराना में स्वच्छ भारत मिशन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धगोपाल वर्मा स्वयं अभियान में शामिल हुए और ग्रामीणों के साथ मिलकर मंदिर प्रांगण, विद्यालय परिसर और आसपास के सार्वजनिक स्थलों की सफाई की। सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि हर व्यक्ति की जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वच्छ आदतें ही स्वस्थ समाज की नींव रख सकती हैं और हर ग्रामीण को इस जिम्मेदारी को निभाना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अभियान तभी सफल होगा जब लोग इसे अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करेंगे। सीईओ वर्मा ने जानकारी दी कि सेवा पखवाड़े के दौरान ग्राम पंचायतों में विभिन्न गतिविधियां संचालित होंगी, जिनमें सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर रोक, कचरा प्रबंधन, गीले और सूखे कचरे का पृथक्करण तथा पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली को बढ़ावा देना शामिल है। उन्होंने बताया कि सचिव, जीआरएस और विभागीय अधिकारियों को इस अभियान की निरंतर निगरानी और पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और महिला संगठनों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और ग्रामीणों से स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की अपील की। वर्मा ने कहा कि स्वच्छता का संदेश हर घर और हर मोहल्ले तक पहुंचे, यही सेवा पखवाड़े का असली उद्देश्य है। उन्होंने यह भी बताया कि वे स्वयं समय-समय पर विभिन्न ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण करेंगे ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि अभियान केवल औपचारिकता न रहकर व्यवहारिक स्तर पर सफल हो। गांव की गलियों और सार्वजनिक स्थलों पर सफाई कार्य में ग्रामीणों की सहभागिता ने अभियान को गति दी।



### ग्राम बिसनखेड़ी में गो हत्या का मामला आक्रोश व्याप्त

**विदिशा।** दीपानखेड़ा थाना क्षेत्र के सिरोंज रोड स्थित ग्राम बिसनखेड़ी में बीते रविवार को गौ हत्या की घटना सामने आने से स्थानीय ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों इरफान शाह, असगर शाह, हनीफ शाह सहित अन्य के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।



## 25 सफाई कर्मियों के सेहत की हुई जांच, बचाव की दी गई जानकारियां

**टीकमगढ़।** सेवा पखवाड़ा और स्वच्छता उत्सव 2025 के अंतर्गत जिला चिकित्सालय में मंगलवार को सफाई कर्मियों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। यह आयोजन कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देश और सिविल सर्जन डॉ. अमित शुक्ला के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य अस्पतालों में कार्यरत सफाई मित्रों की सेहत की जांच करना और उन्हें विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी देना था। यह कार्यक्रम स्वस्थ नारीझसशक्त परिवार अभियान से भी जुड़ा रहा, जिसके तहत स्वास्थ्य और स्वच्छता को साथ लेकर चलने पर जोर दिया गया। सहायक प्रबंधक डॉ. अंकुर साहू ने बताया कि जांच प्रक्रिया के लिए सफाई कर्मियों के आभा आईडी बनवाना अनिवार्य है। इसके लिए पैथोलॉजी विभाग के विकास दुबे द्वारा सहयोग किया गया। आभा आईडी न होने पर जिला चिकित्सालय में परीक्षण संभव नहीं है, इसलिए मरीजों को अपना आधार और उससे लिंक मोबाइल नंबर साथ लाना आवश्यक बताया गया। शिविर में लगभग 25 सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उनकी ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच रागिनी पाठक एवं भारती सिंगरौली द्वारा की गई। साथ ही उन्हें व्यक्तिगत स्वच्छता और जीवनशैली सुधार के टिप्स भी दिए गए। इस अवसर पर चिकित्सकों की टीम में डॉ. डीएस भदौरिया, डॉ. दिनकर राठौड़, डॉ. सच्ची जैन और डॉ. विजय शंकर ने सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं, मैट्रन प्रेमा अहिरवार और सद्दाम खान ने भी विशेष सहयोग दिया। आयोजकों का कहना है कि ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे ताकि सफाई मित्रों का स्वास्थ्य सुरक्षित रहे और अस्पताल परिसर में स्वच्छता और स्वास्थ्य की गुणवत्ता और मजबूत हो सके।

**स्वच्छता उत्सव के तहत सफाई मित्रों का लगाया गया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर**

### सपा कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

## खाद की कालाबाजारी नहीं की जाएगी बर्दाश्तः रामकुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

नगर में समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ता और पदाधिकारियो ने बीते गुरुवार को राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार कुलदीप सिंह ठाकुर को चार सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाने एबं किसानों के लिये खाद की पर्याप्त उपलब्धता बनाये जाने की मांग की गईं। ज्ञापन के माध्यम से मांग करते हुए कहा गया है कि जिले की प्रत्येक तहसील में किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराया जाए। नगर एवं क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हो रही खाद की कालाबाजारी को रोका जाए। खाद की दुकानों पर मेन्यू चार्ट एवं रेट सूची लगाई जाए। इसके अलावा किसानों के सभी सरकारी कर्ज माफ किए जाएं, और किसानों को अपनी फसलों का सही समर्थन मूल्य दिया जाए। नगर एवं ग्रामीण एवं क्षेत्र में रहने वाले सभी किसानों को पर्याप्त मात्रा में विद्युत उपलब्ध कराई जाए। इस मौके पर रामकुमार यादव जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी , सुरेश कुमार चढ़ार जिला सचिव, रहीश अहिरवार जिला महासचिव, हबीब खान नगर अध्यक्ष, इमरान खान जिला उपाध्यक्ष, चंद्रपाल सेन नगर प्रभारी, रविंद्रयादव जिला उपाध्यक्ष, जगदीश यादव टीला मूलचंद, भरत, सौरव, महेंद्र, अकरम नंदू कुशवाहा, बल्ले राइन, मोहम्मद ख्वाजा आदि अनेक लोग उपस्थित रहे।




## बच्चों ने नृत्य और गीत से दिया स्वच्छता का संदेश



**टीकमगढ़।** कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देश और मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल भदौरिया के मार्गदर्शन में चल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आगामी 25 सितंबर को होने वाले स्वच्छता जन आंदोलन की तैयारियों के तहत मंगलवार को न्यू विजन पब्लिक स्कूल में जनजागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया गया। अधिकारियों ने विद्यार्थियों से कहा कि स्वच्छ वातावरण न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, बल्कि यह समाज की प्रगति और आने वाली पीढ़ियों की खुशहाली की भी नींव है। इस दौरान बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वच्छता गीत पर नृत्य प्रस्तुति दी, जिससे पूरे वातावरण में जागरूकता और उत्साह का संचार हुआ। नगर पालिका परिषद के प्रतिनिधियों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की और कहा कि बच्चे समाज में बदलाव लाने के सबसे बड़े प्रेरक हैं। अगर वे अभी से स्वच्छता की आदत डालेंगे तो आने वाले समय में यह आंदोलन स्वतः ही जनआंदोलन बन जाएगा। कार्यक्रम के अंत में बच्चों से शपथ दिलाई गई कि वे अपने घर, गली और मोहल्ले को साफ-सुथरा रखने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

### 15 दिवसीय विशेष अभियान में आई गुंडों बदमाशों की शामत, पुलिस ने दिखाई सख्ती

# ऑपरेशन सुरक्षाः एसपी की अगुवाई में पुलिस का बड़ा एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में अपराध पर शिकंजा कसने और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बिक्रम सिंह कुशवाहा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस राहुल कटरे टीकमगढ़ एबं अभिषेक गौतम जतारा के मार्गदर्शन में जिले में 15 दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया। यह विशेष अभियान 1 सितंबर से 15 सितम्बर तक चला जिसे ऑपरेशन सुरक्षाझसतर्कता नाम दिया गया। पंद्रह दिन तक चले इस अभियान के दौरान जिलेभर में गुंडे-बदमाशों और आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों की आकस्मिक चेकिंग कर सख्ती दिखाई गई।




#### अपराधियों की हुई गहनता से जांच पड़ताल, न मिलने पर हुई कार्रवाई

अभियान के दौरान पुलिस टीमों और थाना और पुलिस चौकी प्रभारियों ने 537 गुंडों, 319 निगरानी बदमाशों, 33 जेल से रिहा अपराधियों और 36 सजायाफ्ता अपराधियों की गहन जांच की। जिन व्यक्तियों को उनके घर पर पाया गया, उनसे उनकी दैनिक गतिविधियों की जानकारी ली गई, जबकि अनुपस्थित पाए गए लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की गई। इस सख्ती से अपराधियों में हड़कंप मच गया और आमजन में पुलिस की सक्रियता को लेकर विश्वास और सुरक्षा की भावना और प्रबल हुई। उक्त कार्यवाही से आपराधिक मानसिकता और पृष्ठभूमि के आरोपियों में पुलिस सख़्ती और कार्यवाही का असर देखा गया।



#### अपराधिक मानसिकता को लेकर दिया गया सख्त संदेश

जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और चुस्त-दुरुस्त करने के लिए पुलिस ने पेट्रोलिंग मोबाइल, पैदल गश्त पार्टियां, मोटरसाइकिल मोबाइल और सीसीटीवी मोबाइल की तैनाती की। रात्रिकालीन गश्त के दौरान धार्मिक स्थलों, सराफा बाजार, न्यायालय परिसर, ट्रेजरी, बैंक और एटीएम जैसे संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण किया गया। देर रात सड़कों पर अनावश्यक रूप से घूमते युवाओं और अन्य लोगों से पूछताछ की गई और संदिग्ध पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई भी की गई। पुलिस अधीक्षक मंडलोई का कहना है कि यह विशेष अभियान अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था की मजबूती के लिए एक अहम कदम साबित हुआ है। इस दौरान की गई कार्रवाई से साफ संदेश गया है कि जिले में अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की कार्यवाहियां आगे भी लगातार जारी रहेंगी, ताकि अपराधियों पर अंकुश लग सके और जिले में शांति, सुरक्षा और कानून का राज कायम रहे।

### समय रहते नहीं किया मेंटीनेंस, सीप के खाली होने की बनी आशंका

# एक साल पहले जुगाड़ से सरकाया बंजारा डैम का गेट फिर रास्ते में अटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

एक साल पहले जल संसाधन विभाग द्वारा ग्वालियर से बुलाए गए गोताखोर मैकेनिक टीम के माध्यम से जिस बंजारा डैम के गेट को ठीक किया था वह गेट फिर दोबारा से रास्ते में अटक गया है। जिससे सीप नदी के खाली होने का खतरा मंडरा गया है। लोगों का कहना कि अगर असमय सीप खाली हुई तो गर्मियों में भयंकर पेयजल संकट की स्थिति से जहां शहर को जूझना पड़ सकता है वहीं कई गांव में सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो जाएगी।

करीब 300 सालों से श्योपुर शहर में भूजल स्तर को बनाए रखने में सहायक होने के साथ-साथ कई गांव में सिंचाई सुविधा मुहैया कराने वाला बंजारा डैम के भीतर से पानी निकासी के लिए बनाया गया गेट पुराना हो चुका है। हालांकि गेट को खोलने और बंद करने का सिस्टम डैम के ऊपर लगाया हुआ है लेकिन पुराना होने के चलते यह सिस्टम भी अब काम कम कर रहा है जिसके कारण विगत वर्ष बारिश के मौसम में ही गेट बीच रास्ते में अटक गया था जिससे सीप नदी गेट से लगातार खाली होती चली गई थी बाद में जल संसाधन विभाग ने ग्वालियर से गोताखोर मैकेनिक टीम बुलवाकर बीच रास्ते में अटके गेट का मेंटेनेंस कराकर पानी का बहाव बंद करा तो दिया था लेकिन यह काम सीप में पानी भरा होने के कारण जुगाड़ तुगाड़ ही था हालांकि तब सीप दोबारा भर गई थी लेकिन गेट को जुगाड़ से बंद करने का नतीजा यह हुआ कि इस साल फिर बारिश में गेट बीच रास्ते में अटक गया है अभी बंजारा डैम से पानी ओवरफ्लो होकर बह रहा है साथ ही गेट से भी तेजी के साथ सिर्फ का पानी निकल रहा है। अगर गेट बंद नहीं किया तो सिर्फ कुछ ही दिनों में खाली हो जाएगी। हालांकि जल संसाधन विभाग ने इस बार भी विगत वर्ष की तरह गोताखोर मैकेनिक टीम को बुलाने के लिए पत्र लिख दिया है पर लोगों का कहना है कि गेट ठीक करने के लिए स्थाई समाधान किया जाना जरूरी है।



#### 300 साल पुराना है डैम का इतिहास

बंजारा डैम का निर्माण राजा इंद्रसिंह गौड़ ने साल 1728 में करवाया था, और जीवाजीराव सिंधिया के शासनकाल में इसकी ऊंचाई बढ़ाई गई थी। बाद में कलेक्टर एसएन रूपला के समय में भी डैम की पार पर सिसी डलवाई गई थी जिससे डैम की ऊंचाई करीब 6 इंच बढ़ गई थी।

#### बनाना था नया गेट, कर दिया मेंटेनेंस

बंजारा डैम का जो गेट इस समय खराब हुआ है वह विगत वर्ष भी बारिश के सीजन में ही खराब होकर बीच रास्ते में अटक गया था जिससे सीप का पानी तेजी से खाली होने लगा था बाद में उक्त गेट को गोताखोर मैकेनिक को बुलाकर बंद तो कर दिया लेकिन यह प्रक्रिया सिर्फ जुगाड जुगाड की ही तब साबित हुई जब इस साल गेट दोबारा से खराब होकर बीच रास्ते में अटक गया। लोगों का कहना है कि जल संसाधन विभाग को उक्त गेट को नए स्वरूप में दोबारा से बनाया जाना चाहिए ताकि 300 साल पुराने गेट को खोलना बंद करने में आने वाली परेशानी दूर हो सके और सीप का पानी बार-बार खाली न हो। इसके लिए फिलहाल गेट बंद कराया जाएं और गर्मियों के सीजन में जब नदी सूख जाती है तब गेट को दोबारा से बनाया जाए।

#### मैकेनिक बुलाने के लिए पत्र लिखा है

गत वर्ष भी इसी तरह गेट खराब हो गया था जिसे जुगाड़ से बंद करा तो दिया लेकिन नया गेट नहीं लगाया। मैंने कलेक्टर को अवगत कराते हुए स्थाई समाधान की मांग की है। जब तक नया गेट नहीं बनेगा,समस्या बनी रहेगी।

**गिर्राज चौधरी**
**वरिष्ठ भाजपा नेता**

हेवी मशीनरी के माध्यम से ग्वालियर से गोताखोर मैकेनिक बुलाने के लिए पत्र लिख दिया है। सीप नदी में अभी पानी जंगल से आ रहा है जिससे बंजारा डैम ओवरफ्लो हो रहा है। पानी कम होने के बाद गेट मेंटेनेंस कराया जाएगा इस दौरान सीप जितनी खाली होगी आवदा बांध से पानी की आवक से भर भी जाएगी।

**चेतन्य चौहान**
**ईई जल संसाधन विभाग श्योपुर**

### श्याम हवेली पर आयोजित भव्य संकीर्तन में देर रात तक झूमे श्रद्धालु

# मेरा बाबा रंग रंगीला, मैं तो नाचूंगी मेरा बाबा बड़ा सजीला, मैं तो नाचूंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



आश्विन मास कृष्ण पक्ष की इंदिरा एकादशी के पावन अवसर पर बुधवार की रात श्योपुर के कलारना रोड स्थित श्री खाटूश्याम मंदिर श्याम हवेली पर भव्य श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा का गुणगान किया। श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में सराबोर होकर झूमते और नाचते नजर आए।


कार्यक्रम में भजन प्रवाहक साक्षी अग्रवाल की मधुर वाणी और भक्तिमयी प्रस्तुतियों ने माहौल को और भी दिव्य बना दिया। उन्होंने जैसे ही मंच पर आकर "खाटू वाले श्याम मेरे, संकट हरने आओ रे..."गाया, पूरा पांडाल तालियों की गड़गड़ाहट और जयकारों से गूंज उठा। इसके बाद "श्याम तेरा नाम है आधार..." और "मेरे श्याम आओ ना..., मेरा बाबा रंग रंगीला, मैं तो नाचूंगी, मेरा बाबा बड़ा सजीला, मैं तो नाचूंगी जैसे भक्ति पूर्ण भजनों पर श्रद्धालुओं उठकर नाचने को मजबूर हो गए। कार्यक्रम की शुरुआत गणपति वंदना और बाबा श्याम के जयघोष तथा दीप जलाने के साथ हुई। रातभर मंदिर परिसर बिजली की जगमगाहट और भक्ति संगीत गूंजता रहा। देर रात चले इस कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढकर एक भजनों की रोचक प्रस्तुतियां दी। जिससे माहौल में ऐसा भक्तिरस छाया कि बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी झूमते और झूमकर बाबा श्याम के दरबार में अपनी श्रद्धा अर्पित करते दिखे। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि संकीर्तन का उद्देश्य श्याम भक्ति का प्रसार करना और समाज में भक्ति भाव को मजबूत करना है। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण की गई।

# दाऊदी बोहरा समुदाय के धर्मगुरु पहुंचे श्योपुर, जगह-जगह हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

दाऊदी बोहरा समुदाय के धर्मगुरु अली कदर मुफद्दल सैफुद्दीन गुरुवार को श्योपुर पहुंचे। श्योपुर पहुंचने पर शहर में उनका आत्मीय स्वागत हुआ। बोहरा समुदाय के अलावा भी सुन्नी मुस्लिम समुदाय ओर सनातन धर्म से जुड़े लोगों ने भी उनके आगमन पर घरों से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान धर्म गुरु ने गाड़ी से बाहर निकलकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।

बुधवार को दाऊदी बोहरा समुदाय के धर्मगुरु सैयदना मुंबई से सवाई माधोपुर पहुंच गए थे जहां उन्होंने बुधवार को रणथंभौर सफारी का आनंद लिया इसके बाद गुरुवार को दोपहर 12:00 बजे के करीब कार द्वारा श्योपुर पहुंचे, भारत सरकार से राजकीय सम्मान प्राप्त मौलाना को सवाई माधोपुर से श्योपुर सीमा तक राजस्थान पुलिस का फॉलो गार्ड व अंगरक्षक साथ लेकर पहुंचे यहां से मध्य प्रदेश श्योपुर की पुलिस उनके कार्यक्रम को सुरक्षा सुरक्षा प्रदान कर रही है। शहर में सैय्यदना के काफिले पर लोगों ने घरों से खूब पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मौलाना ने इस दौरान बड़ा दिल दिखाते हुए लोगों का खूब अभिवादन भी स्वीकार किया। वह वार्ड क्र तीन स्थित बोहरा समुदाय का सामुदायिक भवन (जमातखाना) पर उन्होंने विश्राम किया। शाम 4:00 बजे वह मस्जिद पहुंचे जहां नमाज अदा करने के बाद तकरीर (उद्बोधन) की। साथही मजलिस का आयोजन हुआ जिसमें हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों को याद किया गया। मौलाना तीन दिनों तक शहर में प्रवास पर रहेंगे। मौलाना के दौरे को मीडिया कवरेज से दूर रखा गया है पर शहर में उनके भ्रमण के दौरान लोगों अपने घरों से और सड़कों पर चलते हुए फोटो खींचते भी दिखे।




#### 53 वें धर्म गुरू हैं सैयदना

दाऊदी बोहरा समुदाय के धर्मगुरु अली कदर मुफद्दल सैफुद्दीन (आमतौर पर ₹सैयदना₹ के रूप में जाने जाते हैं) इस समुदाय के आध्यात्मिक नेता और 53वें दाई-अल-मुतलक हैं। वह विश्व भर के दाऊदी बोहरा समुदाय का मार्गदर्शन करते हैं और शिक्षा, सामाजिक-आर्थिक विकास तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में समाज की बेहतरी के लिए कार्य करते हैं। 2014 में उन्होंने अपने पिता, 52वें दाई-अल-मुतलक, मोहम्मद बुरहानुद्दीन के उत्तराधिकारी के रूप में पदभार संभाला।

## तीन घंटे तक इंतजार करती रहीं महिलाएं पिछले गेट से निकल गए कलेक्टर



**श्योपुर।** अपनी मांगों के समर्थन में कलेक्टर अर्पित वर्मा से मिलने कलेक्ट्रेट पहुंची आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि उन्हें वहां मौजूद गार्ड ने कलेक्टर से मिलने से रोक दिया। वह कलेक्टर से मिलने के लिए वेटिंग रूम में इंतजार करती रहीं और जानकारी के अभाव में कलेक्टर उनसे मिले बगैर ही पिछले गेट से निकलकर घर चले गए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता यूनियन की जिला अध्यक्ष राजकुमारी राजपूत ने इसकी शिकायत आगामी समय में श्योपुर जिले के प्रवास पर आ रहे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से करने की बात कही है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता यूनियन की जिला अध्यक्ष राजकुमारी राजपूत ने बताया कि वह कार्यकर्ताओं समस्याओं को लेकर कलेक्टर से मिलने के लिए आदर्श के करीब आधा सैकड़ा कार्यकर्ताओं के संग कलेक्ट्रेट पहुंची थी दोपहर 2:00 के करीब गार्ड ने उन्हें यह कहकर बैटिंग रूम में बैठा दिया कि जब कलेक्टर साहब बैठक से निपटेंगे तो आपसे मिलवा दिया जाएगा लेकिन शाम 5:00 बजे के बाद कलेक्टर पिछले गेट से जहां से उनका हमेशा आना जाना होता है निकलकर चले गए और हमें बुलाया तक नहीं 3 घंटे से भी अधिक समय तक इंतजार करने के बाद भी कलेक्टर से न मिलवाने पर कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताते हुए यूनियन की जिला अध्यक्ष ने बताया कि आगामी समय में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रवास के दौरान वह सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी बात उनके समझ रखेंगी। साथ ही कलेक्टर से मिलने से उन्हें रोकने वाले कर्मचारियों को दंडित करने की मांग भी करेंगी।

# आमजन और किसान भाजपा के राज में भ्रष्टाचार से त्रस्तःजयवर्धन सिंह

### कराहल में आयोजित हुए किसान सम्मेलन में पूर्व मंत्री ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

गरीब मजदूर किसान शासन के कर्मचारी महिलाएं सब भाजपा के भ्रष्टाचार से त्रस्त हैं। किसानों को खाद नहीं मिल रहा है है और सरकार के नुमाइंदो को उनकी फिक्र नहीं है। किसान अपना काम कराने तहसील में जाए या चोरी चकारी छेड़खानी मारपीट की रिपोर्ट करने कोई थाने पहुंचे, वहां समस्या सुनने के बजाय पहले उनकी जेब टटोली जाती है। कमीशन खोरी के कारण सरकारी निर्माण बेहद घटिया हो रहे हैं। यह बात मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री और राधौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने गुरुवार को कराहल में आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।

कराहल पहुंचे जयवर्धन सिंह ने ट्रैक्टर चला कर रैली निकाली, इस दौरान उनके ट्रैक्टर पर नेता कांग्रेस के झंडे लेकर बैठे और कांग्रेस जिंदाबाद बीजेपी मुर्दाबाद के नारे भी लगे। रेली के बाद सभा स्थल पर पहुंचे विधायक जयवर्धन सिंह ने भाजपा सरकार को खूब आड़े हाथों लेते हुए उसे किसान आमजन विरोधी सरकार बताया इस दौरान श्योपुर विधायक बाबू जंडेल, विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा, पोहरी विधायक कैलाश कुशवाहा, कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी रहे सत्यपाल सिंह सिकरवार (नीटू), सबलगढ़ के पूर्व विधायक बैजनाथ सिंह कुशवाहा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी सहित जिले भर के सभी कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।



# खेत में गांजे के पौधे लगाने वाले कन्हैया को 3 साल का सश्रम कारावास,5 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

अपने खेत में गांजे के पौधे लगाने वाले कन्हैया माली को श्योपुर के विशेष न्यायालय ने 3 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाते हुए 5 हजार रूपए का अर्थदंड भी लगा दिया है। तीन साल पुराना यह मामला मानपुर थाना क्षेत्र का है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव ने बताया कि 28 नवंबर 2022 को मानपुर थाना पुलिस ने मुखबिर की एक सटीक सूचना पर सीसवाली गांव में दबिश देकर कन्हैया माली के द्वारा अपने खेत लगा रखे गांजे के पौधे जब्त किए। जब पुलिस ने गांजे के पौधो का उखाडकर उनका वजन कराया तो उनका कुल वजन 12 किलो 200 ग्राम निकला।गांजे के पौधों को जब्त करने के बाद पुलिस ने आरोपी कन्हैया माली पुत्र धन्ना माली निवासी सीसवाली को अरेस्ट कर जेल भेजा और विवेचना पूरी कर चालान विशेष न्यायालय श्योपुर में प्रस्तुत किया। विचारण के दौरान विशेष न्यायालय ने कन्हैया माली को दोषी मानते हुए उसे 3 साल के सश्रम कारावास और 5 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुना दी।

### सेवा पखवाड़े के तहत जिलेभर में आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रम

# स्वास्थ्य परीक्षण व उपचार के बाद फॉलोअप शिविर भी आयोजित करेंः वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

बुजुर्गो को किसी तरह की कोई स्वास्थ्य संबंधी परेशानी न हो,इसके लिए नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर लगाए जाए तथा स्वास्थ्य जांच में आवश्यकतानुसार दवाएं प्रदान कर उपचार सुनिश्चित किया जायें। इसके उपरांत पुनः फॉलोअप शिविर भी लगाया जायें, जिसमें बुजुर्गो को प्रदाय की जा रही दवाएं तथा उपचार का जायजा लिया जायें। यह बात कलेक्टर अर्पित वर्मा ने गुरूवार को रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा प्रेरणा वृद्धाश्रम में सेवा पखवाडे के तहत आयोजित स्वास्थ्य शिविर को संबोधित करते हुए कही।

गणराज सेवा समिति द्वारा संचालित प्रेरणा वृद्धाश्रम में आयोजित शिविर को संबोधित करते हुए कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा कि वृद्धाश्रम के नवीन भवन निर्माण के लिए बायपास पर जमीन का आवंटन किया गया है। उन्होने कहा कि सेवा पखवाडे के तहत बुजुर्गो के लिए नेत्र जांच के साथ ही दंत सुरक्षा के लिए दांतो की जांच भी की जा रही है। इसके अलावा स्वास्थ्य का परीक्षण चिकित्सको की टीम द्वारा किया जा रहा है, जिसमें जांच परीक्षण के बाद उपचार करते हुए दवाएं प्रदान की जायेगी तथा चश्मो का वितरण भी किया जायेगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय ने कहा कि बुजुर्गो की स्वास्थ्य देखभाल के लिए प्रशासन द्वारा समय-समय पर शिविर लगाये जा रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वे जन्मदिवस से शुरू हुए सेवा पखवाडे के तहत लगाये गये शिविर का लाभ बुजुर्गो को मिलेगा, उन्होने कहा कि बुजुर्गो की सेवा हमारा परम धर्म है। वृद्धजनो की सेवा भाव से देखभाल करें। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया, पूर्व सिविल सर्जन डॉ एसके तिवारी, रक्तदान जागरूकता अभियान से जुडे महावीर गुप्ता, बंशीधर शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वृद्धाश्रम के संचालक धर्मेन्द्र शर्मा तथा आभार प्रदर्शन उप संचालक सामाजिक न्याय शशिकिरण इक्का द्वारा किया गया। इस अवसर पर बुजुर्गो का माल्यार्पण कर स्वागत भी किया गया। रेडक्रॉस के सचिव दिनेश दुबोलिया ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 29 बुजुर्गो का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार प्रदान किया गया। डॉ प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में उपस्थित चिकित्सको की टीम द्वारा वृद्धजनो के नेत्र, दंत परीक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, चिकित्सकीय टीम में डॉ लावण्या जैन, डॉ हिमांशु गुप्ता, डॉ नीरज कुमार, डॉ राजकुमार जाटव, डॉ नरेश मारू, डॉ ईश्वर शामिल रहें।



#### स्कूली बच्चों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

सेवा पखवाडे के तहत शासकीय श्री हजारेश्वर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्योपुर में स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पहुंचे डॉ सीपी शर्मा ने स्कूली बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। इस मौके पर प्राचार्य मनोज पाराशर सहित स्टाफ भी मौजूद था।



#### एक सैकड़ा से अधिक मरीजों को किया स्वास्थ्य परीक्षण




सेवा पखवाडे के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दुर्गापुरी पर गुरूवार को स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' थीम पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित इस शिविर में 100 से अधिक मरीजों की निःशुल्क जांच व दवा वितरण किया गया। पीएचसी दुर्गापुरी प्रभारी डॉक्टर प्रभांशु मुदगल, नेत्र रोग के डॉ रवि कुशवाह, मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ गायत्री मित्तल ने मरीजों की निःशुल्क जांच करते हुए उन्हें चिकित्सीय परामर्श और दवाएं दी गई। वही स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ प्रदीप शर्मा ने गर्भवती महिलाओं की जांच तथा उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान करते हुए गर्भावस्था के दौरान संभावित खतरों व सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जबकि दंत स्वास्थ्य सेवाएँ डॉ राधिका मित्तल द्वारा प्रदान की गईं।

# बगैर लाइसेंस के संचालित हो रहे मेडिकल स्टोर्स पर कड़ी कार्रवाई करें

### कलेक्टर ने दिए निर्देश, मांगी मेडिकल स्टोर की सूची

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




श्योपुर जिले में सभी मेडिकल स्टोर्स की जांच की जाए तथा दवाओं के स्टॉक सहित प्रतिबंधित दवाएं तो नही बेची जा रही है, इसकी भी जांच एसडीएम द्वारा की जाएं। यह निर्देश कलेक्टर अर्पित वर्मा ने गुरूवार को नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उपस्थित अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर ने ड्रग इस्पेक्टर के निर्देशित किया कि जिले में संचालित मेडिकल स्टोर्स की सूची अपर कलेक्टर को उपलब्ध कराई जायें। बैठक में एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल, एडीएम रूपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन सिंह मीणा, सीएमएचओ डॉ दिलीप सिकरवार, उप संचालक सामाजिक न्याय शशिकिरण इक्का, सहायक संचालक शिक्षा यश जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि बगैर लाइसेंस के संचालित मेडिकल स्टोर्स पर कडी कार्यवाही की जायें, इसी प्रकार कोडीन, एलपरजोम, क्लोनाजेपम, एविल आदि ऐसे ड्रग्स जो बगैर डॉक्टर के पर्चे के दिये जाना प्रतिबंधित है, उनका स्टॉक चैक किया जायें और ऐसे मेडिकल स्टोर जो इन दवाओं को सीधे विक्रय कर रहे है, उन्हें शील्ड करने की कार्यवाही की जायें। ड्रग इस्पेक्टर, अपर कलेक्टर कार्यालय को लाइसेंसधारी मेडिकल स्टोर की सूची उपलब्ध करायेगे, इसके बाद सभी मेडिकल स्टोर्स की जांच एसडीएम द्वारा की जायेगी तथा बगैर लाइसेंस के संचालित मेडिकल स्टोर्स पर कडी कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही उन्होने आबकारी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि अवैध शराब के प्रकरणों में कडी कार्यवाही की जायें तथा लगातार सर्चिग अभियान चलाकर अवैध शराब के विक्रय को रोका जायें। इसी प्रकार एनडीपीसी एक्ट के तहत प्रभावी कार्यवाही की जायें। कलेक्टर ने सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामों में नशामुक्ति अभियान संचालित किया जायें तथा नशे के दुष्परिणामों से आमजन को जागरूक किया जायें। इसी प्रकार शिक्षा विभाग के अधिकारियों के स्कूल, कॉलेजों में नशे के विरूद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये गये। एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग एवं ड्रग इस्पेक्टर सभी निजी अस्पतालों एवं प्रायवेट प्रेक्टीशनरों को हिदायत दे कि सीरिज को पूरी तरह डिस्पोज करने के बाद ही फेके, ताकि उसका दोबारा उपयोग न हो सकें।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खमखेड़ी निवासी राधिका यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति सुनील यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुंगावली निवासी मोनू प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नरेश, और रामभरोसे बघेले ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गुढ़ा टांका निवासी मुलायम आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी वीरभान सिंह और भगवान सिंह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिरौली निवासी राजकुमार अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामचरण आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### करंट लगने से ग्रामीण की मौत

**अशोकनगर।** जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत ग्राम पांडरी निवासी प्रकाश यादव पुत्र हुकुम सिंह यादव उम्र 50 साल की करंट लग जाने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत जजपाल सिंह पुत्र सुखदेव सिंह उम्र 20 साल निवासी ढाकोनी ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था जिसे उपचार के लिए ईसागढ अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिसके बाद उसे जिला अस्पताल भेजा गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### दो बाइक आपस में टकराई

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत मैदान गली चंदेरी निवासी समी उर रहमान ने रिपोर्ट दर्ज करई है कि चंदेरी मुंगावली रोड पर म्यूजियम वाली पुलिया के पास अज्ञात बाईक चालक ने उसकी बाईक में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।

### हितग्राही घर बैठे कर सकते हैं ई-केवायसी

**अशोकनगर।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिन परिवारों की राशन पर्ची का सत्यापन खाद्य विभाग द्वारा एम राशन मित्र पोर्टल पर कर दिया गया है। ग्रामपंचायत/वार्ड से निर्धारित श्रेणी में आवेदन एवं स्थानीय निकाय से सत्यापन उपरांत ऐसे सभी हितग्राही अपने मोबाईल पर मेरा ई-केवायसी एप के माध्यम से अपने परिवार के सभी सदस्यो की ई-केवायसी घर बैठे कर सकते है अपनी नजदीकी शासकीय उचित मूल्य दुकान/राशन दुकान पर पीओएस मशीन के माध्यम से ईकेवायसी करवा सकते हैं।

---

### युवक को घायल करने के कुछ समय बाद सांड ने तोड़ा दम

# पागल सांड ने 50 वर्षीय अधेड़ पर किया हमला, इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

शहर में इन दिनों आवारा जानवर एवं कुत्तों से लोग परेशान है। गुरुवार को ही एक पागल सांड ने 50 वर्षीय व्यक्ति पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को इलाज के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करने के बाद मर्ग कायम कर लिया है। मृतक पीएम सिविल अस्पताल में किया जाएगा।

वहीं कुछ देर बाद सांड ने भी दम तोड दिया है। जानकारी अनुसार गणेश वार्ड स्थित छोटी बजरिया में अनेकांत जैन मंदिर के पास मंगलवार को अचानक एक पागल सांड ने राह चलते करीब 50 वर्षीय मनोज शर्मा पिता नाथूराम शर्मा निवासी भीम वार्ड पर जानलेवा हमला कर दिया। सांड ने अपने सींगों से मनोज को जमीन पर पटककर बुरी तरह घायल कर दिया। जो करीब 15 मिनट तक हिम्मत दिखाते हुए सांड से संघर्ष करता रहा। उसके भाई ने बीच-बचाव कर जान बचाई। बाद में गंभीर रूप से घायल हुए मनोज को आटो से सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालात गंभीर होने से मनोज को मेडिकल कॉलेज सागर रैफर किया गया।





लेकिन उपचार के दौरान ही घायल मनोज की सिविल अस्पताल में मौत हो गई। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है कि आए दिन आवारा मवेशियों के हमले से नागरिक घायल हो रहे हैं। लेकिन नगर पालिका और जिम्मेदार विभाग इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। नागरिकों ने मांग की है कि प्रशासन तुरंत कार्रवाई कर आवारा मवेशियों को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़े, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

#### गो सेवक पहुंचे घटना स्थल

नपा द्वारा एक बैल पागल सांड की सूचना मिलने पर गौ सेवा दल के सदस्य मौके पर पहुंचे और पागल हुए बैल को पकड़ कर नपा के वाहन में सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया लेकिन कुछ देर बाद सांड की ने भी दम तोड़ दिया। इसमें गौ सेवा सदस्य राजेंद्र यादव, शुभम सेन, रुपेश यादव, पवन यादव, सुमित यादव, प्रशांत पाराशर, अनुराग जैन एवं नपा कर्मचारी मुकेश तिवारी, नवीन वाल्मीकि, नाथू वाल्मीकि, अन्नू वाल्मीकि सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

---

### 27 करोड़ से बनेगा भानगढ़ बीना-कंजिया मार्ग

# 14 किलोमीटर की सड़क हमारे क्षेत्र के विकास को नई गति देगी: विधायक निर्मला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



विधायक एडवोकेट निर्मला सप्रे के अथक प्रयासों से प्रदेश सरकार ने भानगढ़ से बेधई, रुसल्ला, गिरोल होते हुए बीनाझकंजिया एमडीआर से जुड़ने वाले 14 किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस परियोजना की लागत करीब 27 करोड़ रुपए होगी। सड़क की चौड़ाई 5.5 मीटर रखी गई है और इसमें विद्युत व्यवस्था की भी योजना बनाई गई है। इस उपलब्धि पर विधायक निर्मला सप्रे का कहना है कि मुझे गर्व है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव ने हमारी विधानसभा की इस महत्वपूर्ण मांग को स्वीकार करते हुए इसे स्वीकृति प्रदान की। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री और लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह की हृदय से आभारी हूं।

विधायक सप्रे ने कहा कि यह सड़क केवल यात्रा को सुगम नहीं बनाएगी बल्कि हमारे क्षेत्र के विकास को नई गति देगी। सड़क निर्माण कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। भानगढ़ निवासी मुकेश पटेल ने विधायक निर्मला सप्रे का धन्यवाद करते हुए वर्षो से लंबित इस मांग को पूरा किए जाने पर आभार व्यक्त किया। पटेल ने बताया कि उनका कार्यकाल बीना विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। ग्रामीणों का कहना है कि रोज़ कामकाज और यात्रा में भारी दिक्कतें झेलनी पड़ती थीं। बरसात में रास्ते बंद हो जाते थे और रोजगार-शिक्षा दोनों पर असर पड़ता था। लेकिन सड़क बनने के बाद पूरा इलाका मुख्य मार्ग से जुड़ जाएगा और विकास की नई राह खुलेगी। यह परियोजना केवल एक सड़क तक सीमित नहीं है। इसके बन जाने से भानगढ़, बेधई, रुसल्ला, गिरोल और आसपास के 15-20 गांव सीधे मुख्य मार्ग से जुड़ जाएंगे। किसान अपनी उपज आसानी से मंडियों तक पहुंच सकेंगे। छात्र-छात्राओं को शिक्षा के लिए आसानी से आवाजाही की सुविधा मिलेगी। वहीं रोजगार और व्यापार के नए अवसर भी खुलेंगे। गौरतलब है कि विधानसभा क्षेत्र के लिए लंबे समय से चली आ रही मांग आखिरकार पूरी हो गई है।

---

# सिविल अस्पताल में आयोजित नेत्र शिविर में 220 मरीजों की हुई जांच

### 109 लोगों को निशुल्क दवाइयां एवं 23 को वितरित किए गए चश्मे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

सिविल अस्पताल में नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 220 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। शिविर सहयोगी एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि शिविर में सदगुरुदेव नेत्र चिकित्सक डॉ उमेश यादव, नेत्र सहायक प्रहलाद सिंह कुशवाहा, दिनेश वर्मा कैंप प्रभारी, जीतू पाठक कॉउंसलर, अभिषेक सुमन, रामजी कोठारी, मिलन बघेल, सचिन भास्कर ने करीब 220 मरीजों के नेत्र परीक्षण कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव के प्रति जागरूक किया। शिविर में 109 लोगों को निशुल्क दवाइयों का




वितरण किया गया। इसके अलावा 23 मरीजों को चश्मा वितरित किए गए एवं 27 मरीजों को चश्मे के नंबर निकाल कर दिए गए। समाजसेवी पिंगले ने बताया कि सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा प्रति वर्ष 52 हजार से अधिक मोतिया बिंद ऑपरेशन किए जाते है जो कि सराहनीय है। इसमें सिविल अस्पताल के समस्त स्टाफ ने अपना सहयोग प्रदान किया।

---

### पर्यावरण के प्रति ग्राम वासियों को किया जागरूक

# बरदौरा में आरएसएस की छात्राओं ने पौधरोपण कर किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत गुरुवार को ग्राम बरदौरा में पौधरोपण, पर्यावरण जागरूकता एवं श्रमदान का कार्य किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ उमा लवानिया ने बरदौरा ग्राम की पाठशाला में उपस्थित विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि आपको पॉलीथिन का उपयोग नहीं करना है। सूखा कचरा एवं गीला कचरा अलग-अलग स्थान पर रखना है। अपने घर में एवं आसपास के वातावरण को साफ रखना है। शुद्ध पर्यावरण व खुली हवा में स्वस्थ रहकर अपनी पढ़ाई एवं कार्य करना है।

डॉ आशीष गुप्ता ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों की गांव में कमी नहीं होती है। परंतु उनको सुरक्षित एवं संरक्षित रखना आपका दायित्व है। साथ ही पर्यावरण को प्रदूषित होने से रोकने के लिए भी विशेष कर आप लोग कृषि में रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों का प्रयोग न करें। नवीन नामदेव ने जल प्रदूषण को रोकने के लिए ग्राम वासियों से कहा कि घरेलू कूड़े कचरे



को जल में न बहाएं एवं जल स्त्रोतों के पास गंदगी न फैलाएं और न ही साबुन कपड़े इत्यादि का जल स्त्रोत में प्रयोग करें। नीता नामदेव ने श्रमदान पर चर्चा करते हुए कहा कि हमें अपने शरीर को सदैव स्वस्थ रखने के लिए श्रम करते रहना चाहिए। यदि परिश्रम पूर्ण जीवन जिएंगे तो हमारा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आरती ठाकुर ने विद्यार्थियों को साफ सफाई के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि आपको धुले हुए कपड़े, नाखून साफ एवं प्रतिदिन स्नान करना चाहिए। ताकि विद्यार्थी जीवन में अपना विद्या अध्ययन अच्छी तरह से कर सको। कीर्ति ठाकुर ने घर-घर पौधारोपण के साथ उनको सुरक्षित एवं पौधों को जीवित रखने का उत्तरदायित्व देकर कहा कि प्रकृति हमारी मां है और मां की तरह इन पौधों की देखभाल हमें करना है। इसमें छात्राएं एवं ग्रामवासी कौशल्या, ममता, रजनी, उमा, किरण, कविता, महेंद्र, पप्पू सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

---

## डब्ल्यूसीआरएमएस के पदाधिकारियों ने जर्जर आवास की समस्या से कराया अवगत



**बीना।** डब्ल्यूसीआरएमएस के मुख्य शाखा के पदाधिकारियों ने नए वरिष्ठ मंडल अभियंता समन्वय रामेंद्र पांडे, वरिष्ठ मंडल अभियंता उत्तर श्याम नागर के आगमन पर स्वागत किया गया। जिसमें कर्मचारी की विभिन्न समस्याओं को रखा गया। मुख्य रूप से रेल कर्मचारी के जर्जर आवास की समस्या के उचित निदान पर बात रखी गई। इस मौके पर डब्ल्यूसीआरएमएस के मुख्य शाखा अध्यक्ष लाखन सिंह, लोको लाइन शाखा अध्यक्ष रवि राय, मुख्य शाखा उपाध्यक्ष सार्थक तिवारी, संगठन सचिव वीरेंद्र राय, सहसचिव जितेंद्र व्यास, भवानी सिंह जैफ, चिंतामण साहू उपस्थित रहे।

---

### ‘जो हमें अच्छा लग रहा है वह सुख का दिन पाप का बीज बनकर दुःख देता है’

**अशोकनगर।** दिगम्बर जैन दर्शन के पुंगव मुनिश्री सुधासागर जी महाराज ने अशोकनगर में एक धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जो हमें अच्छा लग रहा हैं वह सुख का दिन पाप का बीज वनकर ढुःख देता है। यह जरूरी नहीं हैं वह ढुःख ही था। पुण्य पाप का वीज वन जाता है ये मत समझना कि लोग ढुश्मन बनकर बदला लेते हैं। कभी कभी सगे बनकर भी ढुःख देने आ जाते हैं । वहीं जीवन के लिए ढुःख का कारण वन जातें है। बहुत सावधानी से रहना है ढुनिया में। उन्होने कहा कि पुण्य का उदय कभी सुखदाई कभी ढुखदाई हो जाता है। पैसे के कारण डाकु पैसे वाले को मार देता है। भुज में जब भूकम्प आया तो जिनके बड़े बड़े मकान हवेलीया थी वे धराशायी हो गई उसमें रहने वाले सब ऊपर चलें गये जिनके झोपड पट्टी थी वे गरीब सब बच गये।

---

नवरात्रि उत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक

# एसडीएम ने दिए दिशा-निर्देश, विवादित स्थानों पर नहीं होगी मूर्ति की स्थापना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली

आगामी नव दुर्गा उत्सव को लेकर नगर में शांति एवं सौहाद्र्र बनाए रखने के उद्देश्य से बुधवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम इसरार खान ने की। इस दौरान तहसीलदार सोनम शर्मा, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित पांडे, थाना प्रभारी जोगेन्द्र सिंह यादव, विद्युत मंडल से एई मुकेश जाटव, नगर परिषद से जितेन्द्र अहिरवार सहित दुर्गा उत्सव आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

#### पूर्व परंपरा अनुसार होगी स्थापना

बैठक में नवरात्र पर्व के दौरान होने वाली व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मूर्ति स्थापना पूर्व वर्षों की भांति तय स्थानों पर ही की जाएगी। यदि कोई नई स्थापना करना चाहता है तो उसे पहले से प्रशासनिक अनुमति लेना अनिवार्य होगा। साथ ही विवादित स्थानों पर स्थापना की अनुमति नहीं दी जाएगी, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो।

#### विसर्जन व्यवस्था पर भी हुई चर्चा

बैठक में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए गए। एसडीएम ने कहा कि विसर्जन के समय पुलिस बल और प्रशासनिक टीम मौजूद रहेगी ताकि पूरे आयोजन को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया जा सके। नगर परिषद को साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और विसर्जन के लिए क्रेन की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं विद्युत मंडल को बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। इस दौरान थाना प्रभारी जोगिन्दर सिंह ने सभी नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

#### रक्तदान की अपील

इस मौके पर ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित पांडे ने सभी नागरिकों से सेवा पखवाड़े के अंतर्गत रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानवीय कार्य है और इससे अनेक जिंदगियां बचाई जा सकती हैं।

---

### खरीदी को लेकर मंडी प्रशासन तैयारियों में जुटा, तैयारियां जारी

# मंडी में मक्का व धान की रिकॉर्ड तोड़ फसल आने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





कृषि उपज मंडी में मक्का व धान की अत्यधिक आवक को देखते हुए अभी से प्रशासन तैयारी में जुटा है। कृषि उपज मंडी अशोकनगर में जल्द ही आने वाले दिनों में खरीफ की नई फसल आ रही है। मंडी प्रशासन का मानना है कि इस बार भी मंडी में धान और मक्का की व्यापक फसल आने की संभावना है जिसको दृष्टिगत रखते हुए मंडी प्रशासन द्वारा तैयारी की जा रही है।

मंडी के भारसाधक अधिकारी बृजबिहारी श्रीवास्तव ने मंडी सचिव को निर्देश दिए हैं कि मंडी में फसल आने की व्यापकता को देखते हुए आवश्यक प्रबंध किए जाएं। जिसे लेकर मंडी सचिव भागीरथ अहिरवार और मंडी के सुरक्षा गाड्र्स शहर मंडी के प्रशासन में मंडी परिसर का निरीक्षण किया। और मक्का और धान की फसल को देखते हुए मौके का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। इस बार भी अशोकनगर मंडी में मक्का की फसल बड़े पैमाने पर आने की संभावना है। मक्का यहां की बड़ी फसलों में शामिल हो गई है। पहले यहां सोयाबीन का बड़े स्तर पर उत्पादन होता था लेकिन किसानों का रुख अब मक्का की ओर अधिक हो गया है जिसके कारण किसान मक्का का उत्पादन अधिक करने लगे हैं। एक बीघा में 10 से 12 क्विंटल मक्का की उपज निकलने के कारण किसानों को मक्का के दाम अच्छे मिलने की संभावना है।

पिछले दो सालों में मक्का ने यहां की मंडी में एक नया रिकॉर्ड कायम किया है और इस बार भी मक्का एक नया रिकॉर्ड करने का काम करने जा रही है। अशोकनगर मंडी में व्यापारियों द्वारा अभी से माल की खरीद की तैयारी शुरू कर दी गई है ।पिछले दिनों अशोक नगर मंडी के सचिव भागीरथ अहिरवार को जैन समाज द्वारा उनकी उल्लेखनीय गतिविधियों को लेकर सम्मानित किया गया था। मंडी सचिव और व्यापारियों का आपस में बेहतर तालमेल होने का यह परिणाम है यहां की मंडी एक नई दिशा की अग्रसर होती जा रही है।

प्रभारी कृषि उपसंचालक अमित सिंह ने बताया कि इस बार खरीफ की फैसले 307 हेक्टेयर में बोई गई है जिसमें मक्का की फसल अकेले ही 165 हेक्टेयर में बोई गई है जबकि 62 हेक्टेयर में सोयाबीन की बोवनी की गई है। कभी सोयाबीन 1 लाख से अधिक हेक्टेयर क्षेत्र में पैदा किया जाता था लेकिन अब सोयाबीन का रकबा घट गया है। 45 हेक्टर क्षेत्र में धान का उत्पादन किया गया है 17 हेक्टेयर क्षेत्र में उड़द और 9 हेक्टेयर क्षेत्र में मूंग की फसल का उत्पादन किया गया है। उन्होंने बताया कि इस बार वर्षा अधिक हुई है गत वर्ष से अधिक वर्षा होने के बाद कुछ स्थानों पर जरूर सोयाबीन और मक्का के खेतों में पानी भर गया था वहां हल्का नुकसान हुआ है बाकी पूरे जिले में फसलें बेहतर स्थिति में हैं। श्राद्ध पक्ष के बाद जो फसलें पहले वोई गई थी उन फसलों की कटाई शुरू हो जाएगी। नवरात्रि के बाद अशोकनगर मंडी में खरीफ की फसलों का आगमन होगा।

#### जैविक खेती अब प्राकृतिक खेती के रूप में जानी जाती है

कृषि उप संचालक अमित सिंह ने बताया कि जहां तक जैविक खेती की बात करें तो अब जैविक खेती को प्राकृतिक खेती के रूप से जाना जाता है। अशोकनगर जिले में 1250 किसान ऐसे हैं जो प्राकृतिक संसाधनों से खेती कर रहे हैं और 500 हेक्टेयर क्षेत्र में प्राकृतिक संसाधनों से खेती का उत्पादन किया जा रहा है। जिसमें गाय के गोबर और गोमूत्र से जीवामृत बनाकर और बीजा अमृत के साथ नीम अमृत बनाने के बाद केमिकल खाद का उपयोग नहीं किया जाता। रासायनिक खेती और उर्वरकों का इस तरह की खेती में बिल्कुल उपयोग नहीं होता। मिट्टी का स्तर भी अच्छा रहता है और लागत भी कम आती है इससे पशुपालन को भी बढ़ावा मिलता है। जिले में 10 कलस्टर बनाए जा गए हैं। एक कलस्टर में 25 किसानों को रखा गया है।